भारत सरकार

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय

लोक सभा

अंतारांकित प्रश्न सं. 2313

जिसका उत्तर 13.03.2025 को दिया जाना है

शिर्डी में सड़कें

2313. श्री भाऊसाहेब राजाराम वाकचौरे:

क्या सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार को केन्द्रीय सड़क एवं अवसंरचना निधि (सीआरआईएफ) के अंतर्गत महाराष्ट्र के शिर्डी संसदीय निर्वाचन क्षेत्र में चौदह सड़कों के निर्माण/मरम्मत के संबंध में जनप्रतिनिधियों से कोई अनुरोध प्राप्त हुए हैं, यदि हां, तो तत्संबंधी व्यौरा क्या है; और

(ख) इस संबंध में अब तक हुई प्रगति का ब्यौरा क्या है?

उत्तर

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री

(श्री नितिन जयराम गडकरी)

(क) से (ख) जी, हां। सरकार को केन्द्रीय सड़क एवं अवसंरचना निधि (सीआरआईएफ) स्कीम के अंतर्गत महाराष्ट्र के शिर्डी संसदीय निर्वाचन क्षेत्र में चौदह सड़कों के निर्माण/मरम्मत के संबंध में अनुरोध प्राप्त हुए हैं। महाराष्ट्र राज्य सरकार को सीआरआईएफ स्कीम के तहत स्वीकृति के लिए परियोजनाओं को प्राथमिकता प्रदान करने हेतु कार्यों की सूची अग्रेषित कर दी गई है।

*****